## खबर संक्षेप

### बाणसागर बैकवॉटर में डूबे किशोर का शव बरामद



**उमरिया।** जिले के इंदवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोंगरी टोला में बाणसागर डैम के बैकवॉटर में 15 वर्षीय बालक डूब गया। पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही एसडीआरएफ व होमगार्ड की संयुक्त 6 सदस्यीय टीम सुबह 6 बजे रेस्क्यू वाहन के साथ मौके पर रवाना हुई। टीम ने गहरे पानी से शव निकालकर पुलिस को सौंपा। मृतक की पहचान प्रकाश कोल पिता हीरालाल कोल, उम्र 15 वर्ष, निवासी डुंगरी टोला थाना इंदवार के रूप में हुई है। ऑपरेशन में प्लाटून कमांडर राहुल कुमार साहू, चालक नागेंद्र द्विवेदी, सैनिक श्रवण कुमार, ईश्वर, बालवीर, सुजीत और बिंदु सिंह शामिल रहे।

### शहडोल में 16 सितंबर को पहुंचेंगे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार



**शहडोल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की किसान न्याय यात्रा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत 16 सितंबर (मंगलवार) को शहडोल आगमन होगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय अवस्थी ने बताया कि श्री सिंघार दोपहर 12 बजे अंबेडकर चौक पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद पदयात्रा करते हुए वे जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरनास्थल पर जनसभा को संबोधित करेंगे और शहडोल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम के तहत दोपहर 2 बजे वे जयसिंहनगर पहुंचेंगे, जहाँ आदिवासी कांग्रेस द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा और वे जनसामान्य से चर्चा करेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे वे ब्यौहारी में भी आमजन से भेंट व संवाद करेंगे। जिलाध्यक्ष अवस्थी ने सभी कांग्रेसजनों और आमजन से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### शहडोल में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा

**शहडोल।** प्रदेश सरकार ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा पर्व मनाने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धार जिले से की जाएगी, जिसका लाइव प्रसारण दोपहर 12 बजे से जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और छात्रावासों में दिखाया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस दौरान जिले में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाए। ग्राम स्तर पर कम से कम एक हजार पौधे रोपे जाएंगे। एक पेड़ माँ के नाम, एक बगिया माँ के नाम, नमो पार्क और नमो उपवन के तहत पौधरोपण किया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास का सत्यापन, पूर्व स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा, खसरा मिलान, जंगल और तालाबों का रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण कराने के निर्देश दिए गए।

## छात्रों और शिक्षकों में उत्साह

# शहडोल विश्वविद्यालय में बीज मंत्र साधना का नवाचार



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय ने अध्यात्म और प्राचीन भारत की परंपराओं को जोड़ते हुए एक अनूठी पहल की है। कुलगुरु के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में प्रतिदिन शाम 4 बजे से 4 बजकर 30 मिनट तक आधे घंटे के लिए बीज मंत्र साधना का आयोजन शुरू किया गया है। इस नवाचार को छात्रों और शिक्षकों का व्यापक सहयोग मिल रहा है।

विश्वविद्यालय में शुरू हुआ बीज मंत्र साधना का यह कार्यक्रम केवल आध्यात्मिक प्रयोग नहीं बल्कि शिक्षा और संस्कृति के संगम का प्रयास है। प्राचीन भारत में मंत्र साधना को आत्मबल और मानसिक विकास का सबसे प्रभावी साधन माना गया है। आज जब युवा पीढ़ी तनाव, असुरक्षा और प्रतिस्पर्धा से जूझ रही है, ऐसे में यह पहल उन्हें संतुलन और मानसिक शांति प्रदान करने का जरिया बनेगी। बीज मंत्रों की शक्ति को विज्ञान भी कंपन ऊर्जा और मानसिक तरंगों से जोडक़र स्वीकार करता है। यही कारण है कि विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक इस कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग ले रहे हैं और इसका सकारात्मक असर उनकी दिनचर्या में दिखाई देने लगा है।

### बीज मंत्रों की दिव्यता और लाभ

बीज मंत्र संक्षिप्त होने के बावजूद अनंत ऊर्जा के स्रोत माने जाते हैं। '?' को जहां सृष्टि की मूल ध्वनि माना जाता है, वहीं 'ह्रीं' देवी शक्ति का, 'श्रीं' लक्ष्मी का और 'क्लीं' आकर्षण शक्ति का प्रतीक है। विश्वविद्यालय में सामूहिक रूप से इन मंत्रों के उच्चारण से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। साधना करने वालों के अनुसार इससे एकाग्रता में वृद्धि होती है, मानसिक तनाव कम होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। चिकित्सा विज्ञान भी मानता है कि मंत्रोच्चारण से मस्तिष्क की तरंगें संतुलित होती हैं, जिससे न केवल मन शांत होता है बल्कि शरीर भी ऊर्जावान महसूस करता है।

### नई दिशा की ओर कदम

इस पहल को विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक और शैक्षणिक विकास से जोडक़र देखा जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि शिक्षा केवल किताबों और परीक्षाओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों और मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूती देनी चाहिए। बीज मंत्र साधना इसी सोच का परिणाम है। कुलगुरु ने यह भी संकेत दिया है कि भविष्य में इसे विश्वविद्यालय की नियमित गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। इससे न केवल विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास होगा बल्कि शिक्षकों और शोधकर्ताओं में भी नई ऊर्जा का संचार होगा। यह पहल बताती है कि प्राचीन भारतीय परंपराएँ आज भी प्रासंगिक हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ मिलकर युवाओं को नई दिशा दे सकती हैं।



### कुलगुरु का संदेश

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने इस पहल को एक अद्भुत नवाचार बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री दिलाना नहीं बल्कि विद्यार्थियों के भीतर मानवीय मूल्य और आत्मबल का विकास करना भी है। उन्होंने कहा यह बीज मंत्र साधना एक अद्भुत पहल है। प्रतिदिन मात्र आधे घंटे का समय देकर छात्र और शिक्षक अपने भीतर नई ऊर्जा और सकारात्मकता का अनुभव कर रहे हैं। यह पहल विश्वविद्यालय को आध्यात्मिक और शैक्षणिक मजबूती दोनों प्रदान करेगी। कुलगुरु ने आशा जताई कि आने वाले समय में इस तरह की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को सांस्कृतिक जड़ों से जोडऩे में मील का पत्थर साबित होंगी।

### प्रोफेसरों की राय





विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने भी इस पहल को सराहा है। डॉ. शरद कुमार ने कहा बीज मंत्र साधना से मन की शांति मिलती है, शोध कार्यों में अधिक एकाग्रता प्राप्त होती है। साथ ही इससे अध्यापन में उत्साह बढ़ा है और मानसिक तनाव काफी हद तक कम हुआ है। वहीं डॉ. रचना दुबे ने कहा कि अध्यापन और शोध के बीच मानसिक दबाव अक्सर थकान पैदा करता है। ऐसे में यह आधे घंटे की साधना न केवल एक ब्रेक का काम करती है बल्कि ऊर्जा पुनः प्राप्त करने का जरिया भी बनती है। उनके अनुसार इससे कक्षाओं का वातावरण भी सकारात्मक हुआ है।

### छात्रों के अनुभव





त्रों में भी इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। छात्रा अंशी तोमर ने कहा कि बीज मंत्र जाप से परीक्षा की तैयारी में ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। वहीं छात्र अनुपम कुशवाहा ने कहा मन में सकारात्मकता आई है और आत्मविश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। विद्यार्थियों का मानना है कि यह साधना उन्हें मानसिक स्थिरता देती है और प्रतिस्पर्धी माहौल में भी उन्हें संतुलित रखती है। कई छात्रों ने बताया कि बीज मंत्र साधना से उनकी पढ़ाई की आदतों में भी सुधार आया है और वे अब तनाव की स्थिति में भी सहज बने रहते हैं।

# तहसीलदार सोहागपुर के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन

### कार्यवाही की अनुपस्थिति पर भेजा स्मरण-पत्र



**शहडोल।** जिले के सोहागपुर तहसीलदार द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार और फौजदारी के खिलाफ राजस्व अभिभाषक संघ और जिला अधिवक्ता संघ की ओर से उठाई गई आवाज अब एक बड़े आंदोलन का रूप ले चुकी है। अधिवक्ताओं ने हाल ही में आयुक्त महोदय, संभाग शहडोल को एक स्मरण-पत्र भेजा है, जिसमें तहसीलदार के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि 10 सितंबर 2025 को एक ज्ञापन देने के बावजूद भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिवक्ताओं ने कलेक्टर शहडोल के समक्ष उपस्थित होकर अपना ज्ञापन दिया था, जिसमें उन्हें आश्वासन दिया गया था कि तहसीलदार के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाएगी। हालाँकि, अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे अधिवक्ताओं के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है।राजस्व अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ने कहा हम सभी अधिवक्तागण इस घटना से आहत हैं। हमने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि तब तक न्यायालय के कार्यों से विरत रहेंगे जब तक तहसीलदार को न हटाया जाता है। इससे स्पष्ट है कि यह मामला केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने का विषय बन गया है। दूसरी ओर तहसीलदार की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, जिससे मामला और भी गंभीर होता जा रहा है। अधिवक्ता संघ ने इस मामले में म.प्र. के मुख्यमंत्री और राज्य अधिवक्ता परिषद को भी अवगत कराया है। इस आंदोलन का उद्देश्य केवल तहसीलदार को हटाना नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया के प्रति भरोसा बहाल करना भी है। जब कानून के रखवाले ही अभद्रता का सहारा लें, तो न्यायालय के प्रति आम लोगों का विश्वास कैसे बना रहेगा? एक स्थानीय अधिवक्ता ने कहा हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि न्यायालय में सभी के लिए समान अवसर हो। यदि हमें ऐसा व्यवहार सहन करना पड़े, तो यह एक गंभीर चिंता का विषय है। इस मुद्दे पर चर्चा का दौर जारी है, और अधिवक्ता संघ ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे इस मामले को समाप्त करने तक संघर्ष जारी रखेंगे। तहसीलदार द्वारा किए गए व्यवहार के खिलाफ उठाई गई अधिवक्ताओं की आवाज अब एक आंदोलन का रूप ले चुकी है। यह आंदोलन न केवल स्थानीय अधिवक्ताओं के लिए, बल्कि पूरे न्यायिक तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत है। आशा है कि संबंधित अधिकारी उचित कार्रवाई करेंगे, ताकि न्याय व्यवस्था में पुनः विश्वास स्थापित हो सके।

# बीएमएस नेतृत्व को बदनाम करने की साजिश: बघेल



**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद स्थित जोहिला क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) एवं कोल फेडरेशन के शीर्ष नेतृत्व को लेकर पिछले दिनों कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का खंडन करते हुए कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के जिला महामंत्री प्रदीप सिंह बघेल ने कहा कि यह खबरें पूरी तरह आधारहीन और भ्रामक हैं।उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय मजदूर संघ एक अनुशासित, पारिवारिक और राष्ट्रहितैषी संगठन है, जहां किसी भी विषय पर चर्चा सदन में बैठकर की जाती है। बिना साक्ष्य के शीर्ष नेतृत्व पर प्रश्नचिह्न लगाना संगठन को कमजोर करने और गुटबाजी फैलाने की साजिश मात्र है। श्री बघेल ने कहा कि ऐसे लोग जो सिर्फ पद की लोलुपता में संगठन से जुड़े रहते हैं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करते हैं, वही इस तरह की कूट-रचना करते हैं। सदस्यता जमा न करना और असत्यापित बातें फैलाना यह साबित करता है कि वे संगठन के हितैषी नहीं हैं।द्विवार्षिक सम्मेलन और आम सभा को लेकर उन्होंने कहा कि इस निर्वाचन में राष्ट्रीय पदाधिकारी की कोई भूमिका नहीं होती। कोल फेडरेशन के महामंत्री, कंपनी समन्वयक और प्रदेश निर्वाचन अधिकारी आपसी सहमति से समिति का गठन करते हैं। पूर्व अध्यक्ष को महामंत्री का दायित्व दिया गया है और वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिन्होंने लगातार आठ बार क्षेत्रीय कार्यसमिति में जिम्मेदारी निभाई है, उन्हें अध्यक्ष पद सौंपा गया है। उन्होंने दोहराया कि भारतीय मजदूर संघ गैर-राजनीतिक संगठन है और यह सभी कार्यकर्ताओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान करता है। कुछ विशेष लोग, जिनकी व्यक्तिगत मंशा पूरी नहीं हो सकी, वही संगठन की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। अंत में श्री बघेल ने कहा भारतीय मजदूर संघ (केंद्र), प्रदेश एवं महासंघ (कोल फेडरेशन) की छवि खराब करने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह पूरी तरह से निराधार है। मैं इसका कड़ा खंडन करता हूं।

# ब्योहारी में 62 बोरी यूरिया जप्त

## किसानों ने लगाया कालाबाज़ारी का आरोप



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी तहसील अंतर्गत सहकारी समितियों में खाद वितरण में अनियमितताओं का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार शाम तहसीलदार शनि द्विवेदी ने कार्रवाई करते हुए सहकारी समिति मनटोला से निकली 62 बोरी यूरिया से भरी पिकप को भोगियां तिराहे के पास पकड़ा। वाहन कुंआ कुबरी जिला मैहर की ओर रवाना किया जा रहा था। सूचना मिलते ही तहसीलदार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और पिकप को रोककर पूछताछ की। बाद में वाहन को थाना परिसर लाकर खड़ा कराया गया तथा पंचनामा तैयार कर आगे की कार्यवाही शुरू की गई। स्थानीय किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में किसान खाद और यूरिया के लिए परेशान हैं, जबकि सहकारी समिति देवगांव के संचालक केशरी पटेल द्वारा खुलेआम कालाबाज़ारी की जा रही है। किसानों का कहना है कि खाद थोक में बाहर भेजी जा रही है और स्थानीय जरूरतमंद किसान हाथ मलते रह जाते हैं। प्रशासनिक कार्रवाई से यह तो स्पष्ट हो गया है कि खाद की आपूर्ति में गड़बड़झाला हो रहा है, लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदारों की नाक के नीचे यह धंधा अब तक कैसे चलता रहा।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प सेवा अभियान हेतु कार्यशाला आयोजित

### 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन



**शहडोल। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 सितंबर से 25 दिसंबर, 2025 तक तीन माह का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान दो चरणों में संचालित होगा— जिसकी शुरुआत 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर होगी और समापन 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर होगा।**

अभियान की रूपरेखा को लेकर भाजपा जिला कार्यालय अटल निलय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने की। इस अवसर पर जयसिंहनगर विधायक जयसिंह मरावी, जिला उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, संतोष लोहानी, मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, पुष्पेन्द्र पटेल, जिला मंत्री रवीन्द्र वर्मा एवं नीरज गुप्ता मंचासीन रहे। जिलाध्यक्ष श्रीमती चपरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरोना काल में भारत ने कोविड वैक्सीन बनाकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को साकार किया। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल और चंद्रयान-3 की सफलता ने भी भारत की वैश्विक ताकत का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कॉलेजों में सेमिनार, और स्कूलों में निबंध, कविता एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी ने सेवा पखवाड़ा की जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिलेभर में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, खेलकूद, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रबुद्ध जन सम्मेलन, संस्मरण प्रदर्शनी और नमो मैराथन दौड़ जैसे कार्यक्रम होंगे। 17 सितंबर को जिले के सभी बूथों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और भाजपा जिला कार्यालय अटल निलय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

अमित बजाज एवं मनोज गुप्ता ने जीएसटी संशोधन बिल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे खाद्य पदार्थ, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट तथा कृषि उपकरण सस्ते होंगे, जिससे किसानों और छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही, 1.5 करोड़ तक कारोबार करने वाले व्यापारी तिमाही आधार पर आसानी से रिटर्न भर पाएंगे। अंत में पूर्व मंत्री एवं जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी ने सेवा पखवाड़ा और आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमित मिश्रा एवं पुष्पेन्द्र पटेल ने किया।

# लगातार चोरियों से दहला शहडोल, पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा



**शहडोल।** शहर में चोरी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं। कभी हार्डवेयर गोदाम तो कभी गैरेज और दुकानों के बाहर खड़े वाहनों को चोरों ने निशाना बनाया। दो बड़ी घटनाओं में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए आखिरकार आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।पहली घटना 23 अगस्त की है। फरियादी विशाल गुप्ता पिता विजय कुमार गुप्ता उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 09 गांधी स्टेडियम पीछे, गली नंबर 02 थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी विजय स्टील नामक हार्डवेयर की दुकान एवं गोदाम बाणगंगा मेला मैदान पेट्रोल पंप के पास स्थित है। 22 अगस्त की रात दुकान व गोदाम बंद करने के बाद जब वे घर गए और अगले दिन सुबह स्टॉक का मिलान किया तो पाया कि 06 बंडल जीआई तार कीमत लगभग 10,000 रुपये चोरी हो गए हैं।सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन पर सामने आया कि 19, 20 और 22 अगस्त को सुबह 4 बजे से 5:30 बजे के बीच अज्ञात चोर टीन शेड का हिस्सा हटाकर गोदाम में घुसते और चोरी की घटना को अंजाम देते दिखाई दिए। लगातार तीन दिनों तक चोरों का आतंक व्यापारियों में दहशत फैलाने वाला रहा। इसी कड़ी में 5 सितंबर की रात एक और घटना सामने आई। फरियादी अनवर अली पिता असगर अली उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 16 पटेल नगर थाना सोहागपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी और अन्य साथियों की दुकानें भूसा तिराहा वार्ड क्रमांक 04 सोहागपुर रोड पर स्थित हैं। सोमवार सुबह दुकानें खोली गईं तो पाया गया कि मरम्मत हेतु खड़े चार पहिया वाहनों की वायरिंग काटकर चोरी कर ली गई है।सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल में 6 सितंबर की सुबह आरोपी शैफ उर्फ शेख साहिल पिता शेख मुस्ताक उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 पठानी बस्ती, थाना सोहागपुर चोरी की वारदात करते हुए दिखाई दिया। फरियादी और अन्य दुकान संचालकों ने आरोपी को पहचान लिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 10,000 रुपये आंकी गई। सोहागपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी के कब्जे से चोरी का माल बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्रमणि पाण्डेय के नेतृत्व में प्रआर सुरेन्द्र पटेल और प्रआर मनोज शुक्ला की विशेष भूमिका रही। लगातार हो रही चोरियों ने जहां व्यापारियों की नींद हराम कर दी थी, वहीं पुलिस की तत्परता से आरोपी की गिरफ्तारी ने राहत जरूर दी है। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि शहर में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# ससुर पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** पारिवारिक विवाद ने खूनखराबे का रूप ले लिया। दामाद ने अपने ही ससुर पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में घायल ससुर की जान बाल-बाल बची। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, 12 सितंबर की रात करीब 9 बजे फरियादी गुड्डा रजक पिता स्व. गयादीन रजक उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15-17, रजा मोहल्ला धनपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका दामाद सूरज उर्फ संतमान रजक अपने छोटे भाई रौनक रजक के साथ घर में घुस आया और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में फरियादी के सिर, गर्दन और सीने पर गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए और फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना धनपुरी पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 14 सितंबर को पुलिस ने आरोपी सूरज उर्फ संतमान रजक पिता स्व. झूरी रजक उम्र 26 वर्ष निवासी शहडोल को सिंहपुर रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धनपुरी निरीक्षक खेम सिंह पेन्द्रो के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह, आरक्षक अमित सिंह, राजेश शर्मा, गुलाब, थाना कोतवाली से सहायक उप निरीक्षक रजनीश तिवारी, प्रधान आरक्षक कैलाश प्रजापति तथा साइबर सेल से सत्य प्रकाश मिश्रा की अहम भूमिका रही।

# खाद गोदाम में व्यवस्थित ढंग से किसानों को मिल रही यूरिया

किसानों के लिए राहत की खबर है। मानपुर खाद गोदाम में अब यूरिया का वितरण पूरी तरह व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा है। पहले जहां खाद की कमी और लंबी लाइनों से किसान परेशान रहते थे, वहीं अब उन्हें बिना किसी हंगामे के आसानी से आवश्यक खाद मिल रही है।

मानपुर।



इस व्यवस्था को बेहतर बनाने में एसडीओ एम.के. दुबे, एसडीएम टी.आर. नाग, तहसीलदार पंकज नयन तिवारी और पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल रही है। गोदाम में सख्त निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी तरह की अनियमितता न हो और हर किसान को उसका हक मिले। स्थानीय किसानों अजय गुप्ता, बबलू यादव, रामविनोद उपाध्याय, दादूराम बैगा, राजन पटेल, अजय पटेल, सुदर्शन देवरी और बाबू साहू ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि पहले खाद की कमी से खेती प्रभावित होती थी, लेकिन अब समय पर उपलब्धता से न केवल फसलों की देखभाल आसान हुई है बल्कि खर्च भी कम हो गया है। खाद गोदाम प्रभारी एम.के. दुबे ने बताया कि इस बार किसानों की भीड़ और आपूर्ति की समस्या को हल करने के लिए ठोस योजना बनाई गई है। नियमित रूप से खाद उपलब्ध कराई जा रही है ताकि कोई भी किसान बिना खाद लिए न लौटे। इसी बीच सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों का प्रशासन ने खंडन किया है। तहसीलदार द्वारा खाद-बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी दुकानों पर रेट लिस्ट लगी हुई पाई गई और मानक स्तर की दवाइयाँ उचित दाम पर बिकती मिलीं।

## खबर संक्षेप



### खराब फसलों का सर्वे कार्य प्रारंभ करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कहा कि जिले मे अतिवृष्टि एवं किसी रोग से खराब हुई फसलों के सर्वे का कार्य प्रारंभ करें। जिससे प्रभावित किसानों को खराब हुई फसलों की क्षतिपूर्ति राशि देने की कार्यवाही की जा सके।इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरतें । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,ज्वाइंट कलेक्टर रीता डहेरिया, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग,एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने सेवा सहकारी समिति पाली का किया निरीक्षण



**उमरिया।** एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने सेवा सहकारी मर्यादित समिति पाली का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि समिति में 27 बोरी यूरिया और 82 बोरी एनपीके उपलब्ध है। अनुपलब्धता संबंधित कोई समस्या नही पाई गई।निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को खाद प्राप्त करने में कोई भी समस्या न हो।

### चचाई पुलिस ने धार्मिक उन्माद फैलाने वाले को किया गिरफ्तार

**चचाई।** 15 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद जिला अनूपपुर के कार्यकर्ता भूपेंद्र सिंह बघेल के द्वारा थाना चचाई में अनावेदक माखन चौधरी निवासी कैल्हौरी के विरूद्ध सोशल मीडिया में लगातार हिंदू सनातन धर्म के आराध्य देवी देवताओं के विरूद्ध अपनी फेसबुक आईडी में हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ लगातार अभद्र टिप्पणी करने के संबंध में लिखित आवेदन पत्र दिया जिस पर मौके से शिकायत की जांच किया जाकर आने वाले हिन्दू पर्व नव दुर्गा में कोई कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित न होने पाये अनावेदक माखन चौधरी पिता रामनिवास चौधरी उम्र 39 साल निवासी कैल्हौरी थाना चचाई को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदक के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 20/25 धारा 170 बीएनएसएस, व 830/25 धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कायमी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से अनावेदक को जिला जेल भेजा गया।

### 26 सितंबर को एक दिवसीय रोजगार मेला

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी अमन कुमार दुबे ने बताया कि 19 सितंबर को आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेला अपरिहार्यकारणों से स्थगित कर दिया गया है, उसके स्थान पर अब 26 सितंबर को सामुदायिक भवन उमरिया में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 सितंबर से नवदुर्गा स्थापना, 2 अक्टूबर को विजयादषमी तथा 20 अक्टूबर को दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा। इस संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 16 सितंबर को दोपहर 1 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

# सी एवं डी ग्रेड वाले विभाग ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए।जो विभाग सी एवं डी ग्रेड की श्रेणी में है वे सभी विभाग ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निराकरण समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने वन विकास निगम से कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के संग्रहण का भुगतान शीघ्र करें । कलेक्टर ने पीएम आवास की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्ण हो चुके पीएम आवासों को जीओ टैग करें तथा अपूर्ण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराएं ।उन्होने कहा कि जिला तथा ग्राम स्तर में संचालित स्कूल, आंगनबाड़ी , छात्रावास, आश्रमों में साफ सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, ज्वाइंट कलेक्टर रीता डहेरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग,एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# उमरिया में कल से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा

उमरिया।

**कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में अधिकारियों से कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कार्ययोजना के अनुरूप प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए अधिकारी निर्धारित शेड्यूल अनुसार कार्य करें।**



उन्होने बताया कि स्वच्छता ही सेवा के तहत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 17 से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होने बताया कि नगरीय निकाय उमरिया अंतर्गत 17 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ सगरा तालाब में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सगरा तालाब के आस पास साफ सफाई की जाएगी एवं प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को देखा एवं सुना जाएगा।

18 सितंबर को स्वच्छता जागरूकता हेतु वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गांधी चौक के आस-पास व्यापारियों को डस्टबीन (सूखा गीला) का वितरण किया जाएगा ।

इसी प्रकार 19 सितंबर को शासकीय सज्जन हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वच्छता जागरूकता के संबंध में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । 20 सितंबर को स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन में किया जाएगा,इसके साथ ही खलेसर घाट में साफ-सफाई श्रमदान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।21 सितंबर को नगर के समस्त छात्र/छात्राओं के द्वारा स्वच्छता जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी।22 सितंबर को डोर टू डोर कलेक्शन एवं सोर्स सेग्रीगेशन के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।23 सितंबर को सामुदायिक भवन में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी । इसी तरह 24 सितंबर को सीटीयू का निपटान एवं साफ-सफाई अभियान , 25 सितंबर को जनप्रतिनिधियों युवाओं, छात्र छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों की सहभागिता से वृहद स्तर पर स्वच्छता श्रमदान ''एक दिन, एक घंटा,एक साथ'' स्वच्छता अभियान बस स्टैण्ड एवं सब्जी मण्डी परिसर में सफाई अभियान का आयोजन , 26 सितंबर को मैराथन दौड़, 27 सितंबर को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के संबंध में व्यापारियों,नागरिकों में जन जागरूकता कार्यक्रम, 28 सितंबर को शासकीय जिला चिकित्सालय परिसरों में विशेष साफ-सफाई अभियान, 29 सितंबर को डोर टू डोर कलेक्शन एवं सोर्स सेग्रीगेशन के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम, 30 सितंबर को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के संबंध में व्यापारियों,नागरिकों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी तरह 1 अक्टूबर को डोर टू डोर कलेक्शन एवं सोर्स सेग्रीगेशन के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम तथा 2 अक्टूबर को गांधी चौक से जय स्तम्भ चौक तक मुख्य मार्ग बाजार एरिया की साफ-सफाई, वृक्षारोपण, श्रमदान, स्वच्छता मित्रों को सम्मान प्रमाण पत्र वितरण, सेवा पखवाड़ा अभियान का समापन होगा। उक्त गतिविधियां संबंधित नगरीय निकायों में भी आयोजित की जाएगी ।उन्होने बताया कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतो में भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित जाएंगे ।

# बीटीआर में हाथी महोत्सव का आयोजन 24 सितंबर से 30 सितंबर तक

## हाथियों के लिए विश्राम, उपचार, पोषण, मनोरंजन की रहेगी व्यवस्था

उमरिया।

क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व अनुपम सहाय ने बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन 24 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025' तक किया जाएगा। यह महोत्सव 'ताला मुख्य द्वार पर आयोजित होगा। सात दिवसीय उत्सव का उद्देश्य कैंप हाथियों के 'स्वास्थ्य, देखभाल और मानसिक सुकून' को बढ़ावा देना है। इस दौरान हाथियों को न केवल विश्राम मिलेगा, बल्कि उनके लिए विशेष उपचार, पोषण और मनोरंजन की व्यवस्था भी की जाएगी।

'हाथी महोत्सव के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण एवं पशु चिकित्सा सेवा' हाथियों का संपूर्ण चिकित्सकीय परीक्षण, डिवॉर्मिंग, पैर एवं दांतों की देखभाल , 'पोषण संबंधी विशेष आहार, खनिज युक्त आहार, पारंपरिक भोज्य वस्तुएँ और ऊर्जा प्रदान करने वाले खाद्य पदार्थ की व्यवस्था रहेगी। महोत्सव के दौरान हाथियों से कोई कार्य नहीं कराया जाएगा। वे कीचड़ स्नान, तालाब में जल क्रीड़ा और वन भ्रमण का आनंद लेंगे। महावतों और सहायकों के लिए व्यवहार,प्रशिक्षण और देखभाल से संबंधित कार्यशालाएँ तथा जंगली हाथियों एवं अन्य वन्य प्राणियों के प्रबंधन में कैंप हाथियों की उपयोगिता तथा संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण, 'सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जन सहभागिता' से लोक कला, चित्र प्रदर्शनी, विद्यालयों की भागीदारी और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होने बताया कि आगंतुकों को हाथियों की देखभाल की प्रक्रिया को नजदीक से समझने और अनुभव करने का अवसर मिलेगा। हाथी महोत्सव' भारत की सांस्कृतिक विरासत में हाथियों के महत्व को दर्शाने वाला एक संवेदनशील और समर्पित प्रयास है। यह आयोजन बांधवगढ़ में जंगली हाथियों के लगातार निवास करने के कारण उनके विषय में जन जागरूकता बढ़ाने तथा यह आयोजन हमें उनकी सेवा, देखभाल और संरक्षण के लिए हमारे उत्तरदायित्व की याद दिलाता है।

जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, वन्यजीव प्रेमियों, पर्यटकों और स्थानीय समुदाय भी सुविधापूर्वक महोत्सव भाग लेने की अपील की गई है।



## समाजसेवी शिवांश सिंह राजपूत हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** राष्ट्रीय राजमार्ग हाइवे रोड़ में एक्सीडेंट से लोगो को बचाने के लिए लगातार सक्रिय रहने वाले समाजसेवी शिवांश सिंह राजपूत बदरा निवासी को रविवार को जिला के यातायात प्रभारी विनोद दुबे द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के अन्य लोगों को भी ऐसे नेक कार्यों से जोड़ने के लिए प्रेरित करेगा। जिले के यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने कहा कि शिवांश सिंह के द्वारा लगातार सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद की जा रही है एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जगारूक भी किया जा रहा है, ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं।

# बिजौरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 5 वर्षों से डॉक्टर विहीन





मानपुर।

विधानसभा क्षेत्र मानपुर अंतर्गत बिजौरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिछले 5 वर्षों से डॉक्टर विहीन है। यह केंद्र 10 से 15 गाँवों की आबादी को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए बनाया गया था, किंतु आज तक यहाँ स्थायी चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हो पाई है। वर्तमान में केंद्र मात्र एक एएनएम और वार्ड बॉय के भरोसे संचालित हो रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि डॉक्टर की कमी के कारण मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला चिकित्सालय जाना पड़ता है, जिससे न केवल समय बल्कि आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी सुरेश सिंह (मुन्ना सिंह) ने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक डॉक्टर का इंतजार कर रहे हैं। विगत में इसी स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत एक ही परिवार के कई सदस्य गंभीर बीमारी से पीड़ित हुए थे, जिनमें एक की मृत्यु हो गई थी। यदि यहाँ चिकित्सक उपलब्ध होते तो हालात अलग हो सकते थे। उन्होंने कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन और जिला स्वास्थ्य अधिकारी से मांग की है कि बिजौरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल डॉक्टर की नियुक्ति की जाए। साथ ही एक्स-रे मशीन, टेक्नीशियन और अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँ, ताकि ग्रामीणों को झोलाछाप डॉक्टरों पर निर्भर न रहना पड़े।

# ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ रेल प्रबंधन का सौतेला व्यवहार

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

जिले का आर्थिक नगरी कहलाये जाने वाले कोयलांचल क्षेत्र का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र कोतमा सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ रेल प्रबंधन के द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यहां के लोगों को ट्रेन सुविधा के नाम पर मात्र झुनझुना पकड़ा दिया जाता है जबकि इस क्षेत्र में कई कोयल की खदानें संचालित है। और यह क्षेत्र वन संपदा से भी आच्छादित है। कोतमा नगर में सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है जबकि कोतमा विधानसभा क्षेत्र से ही संभाग के इकलौते मंत्री दिलीप जायसवाल प्रदेश में मंत्री के पद पर आसीन है। कहने को तो शहडोल संसदीय क्षेत्र से हिमाद्री सिंह सांसद हैं और उनके ही संसदीय क्षेत्र में लोग ट्रेनों को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं। लोग अब तो संसद पर सवालिया निशान भी खड़ा करने लगे हैं कि आए दिन संसद के द्वारा क्षेत्र की रेल समस्याओं को लेकर रेल मंत्री से मुलाकात करते हुए मांग पत्र सौपा जाता है लेकिन यह मांग पत्र मांग पत्र ही बनकर रह जाती है दूसरा कार्यकाल शुरू है उनका लेकिन रेल सुविधाओं के नाम पर इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जाता है यह लोगों के बीच अब जनचर्चा का विषय बनकर रह गया है। वही लोग अब चौक चौराहों में खड़े होकर यह चर्चा भी कर रहे हैं कि







हमारे यहां के सांसद से तो अच्छे छत्तीसगढ़ के सांसद है जिनकी मांगों पर रेल प्रबंधन के द्वारा तत्काल विचार करते हुए मांग स्वीकृत कर दी जाती है और उन्हें आए दिन ट्रेनों की सौगातें भी मिलने लगी है। कुछ माह पूर्व उज्जैन से अंबिकापुर तक साप्ताहिक ट्रेन दो दिन चलाने का आदेश आया था जिसका स्टॉपेज भी कोतमा में नहीं दिया गया है जबकि अनूपपुर जिले का सबसे बड़ा शहर कोतमा है और इसके साथ ही रेल प्रबंधन के द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। नगर के उद्योग एवं व्यवसायिक संगठन के द्वारा अब छत्तीसगढ़ के सांसद बृजमोहन अग्रवाल पर भरोसा जताते हुए उनको एक मांग पत्र भेजा गया था जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि सरगुजा संभाग एवं शहडोल संभाग के यात्रियों की सुविधा हेतु रेल विभाग से विभिन्न मांगों के संबंध में यह मांग पत्र सौपा गया है।

### यह था मांग पत्र

उद्योग व व्यवसायिक संघ कोतमा के द्वारा मांग पत्र में उल्लेख किया गया था कि सरगुजा संभाग एवं शहडोल संभाग आदिवासी पिछड़ा बाहुल्य क्षेत्र है। रेल विभाग द्वारा यहां पर किसी भी प्रकार की नई सुविधा तथा पुरानी सुविधा जो भी थी उन्हें भी कोविड काल में बंद कर दिया गया। जबकि इन दोनों संभागों से रेलवे को काफी आय होता है क्योंकि पूरे क्षेत्र में कोयले की ढुलाई की जाती है इसके बदले में रेलवे नाम मात्र का खर्च करता है। इस क्षेत्र की उपेक्षा निरंतर हो रही है।

### यह रखी मांग

कोतमा उद्योग व्यवसायिक संघ के द्वारा छत्तीसगढ़ के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को मांग पत्र देते हुए उल्लेख किया गया था कि ट्रेन नंबर 18242 और 18 243 अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस को नागपुर तक बढ़ाया जाए संभाग के मरीजों को इलाज के लिए नागपुर के लिए सीधी ट्रेन न होने के कारण बिलासपुर अथवा कटनी से ट्रेन पकड़नी पड़ती है इसे अंबिकापुर से 2 घंटे पूर्व छोड़ जाए एवं अंबिकापुर शहडोल ट्रेन को बंद कर दिया जाए । चिरमिरी बिलासपुर ट्रेन को जिसका गाड़ी संख्या 18 258 को चिरमिरी से झारसुगड़ा या रायगढ़ तक बढ़ाया जाए क्योंकि वह सुबह 4:30 बजे बिलासपुर पहुंचकर दिनभर बिलासपुर स्टेशन में खड़ी रहती है और फिर रात को चलती है। ट्रेन नंबर 18202 शहडोल नागपुर एक्सप्रेस को अंबिकापुर से नागपुर चलाया जाए ताकि अनूपपुर जिले के साथ ही सरगुजा संभाग के यात्रियों को स्वास्थ्य लाभ के लिए नागपुर जाने के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध हो सके यह ट्रेन अभी शहडोल से चलती है इसे बालाघाट गोंदिया रूट से चलाया जाता है।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन के पास पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**शहडोल।** रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे यार्ड में एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से फांसी पर लटकता मिला। ट्रेन के गार्ड ने शव देखकर स्टेशन मास्टर को सूचना दी, जिसके बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुँची और जांच शुरू की। जीआरपी थाना प्रभारी आर.एम. झरिया ने बताया कि मृतक युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष है। शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। मामले में एफएसएल टीम को बुलाकर जांच कराई जा रही है तथा मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है। रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया होगा। पुलिस ने भी घटना को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। रेलवे यार्ड सुनसान इलाका माना जाता है, जहां अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और नशाखोरी होती रहती है। फिलहाल युवक की पहचान की जा रही है, जिसके बाद आगे की जांच तेज होगी।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर पेंशनरों की समस्याओं और लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष आर. एल. तिवारी ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर पेंशन और भत्ते न मिलने से उन्हें गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में महंगाई भत्ते, चिकित्सा सुविधा और पेंशन संशोधन जैसे मुद्दों पर सरकार से त्वरित कदम उठाने की मांग की गई। पेंशनरों का कहना है कि बढ़ती महंगाई ने उनके जीवन स्तर पर गहरा असर डाला है और राहत मिलना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपाध्यक्ष ए. के. पांडे, सचिव संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निराकरण जल्द नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### महिला के साथ जबरन ज्यादती की कोशिश और मारपीट, महिला थाना में शिकायत



**शहडोल।** जिले के महिला थाना में एक महिला ने आवेदन देकर ग्राम पोंड़ी थाना सीधी निवासी सेमीन खान और उसके परिवारजनों पर जबरन ज्यादती की कोशिश और मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। फरियादिया खुबैदा बी पति तोहीद खान ने आवेदन में बताया कि घटना 11 सितंबर 2025 की शाम लगभग 7 से 8 बजे की है, जब वह शौच के लिए बाहर गई थीं। इसी दौरान सेमीन खान शराब पीकर वहां पहुंचा और उसके साथ जबरन ज्यादती की कोशिश की। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने धमकी देते हुए गाली-गलौज किया। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए और आरोपी भाग गया। फरियादिया का आरोप है कि इसके बाद अगले दिन आरोपी फिर उसके घर आया और जान से मारने की धमकी देते हुए झगड़ा किया। महिला ने कहा कि आरोपी ने धमकाया कि यदि उसने पुलिस में शिकायत की तो उसके पूरे परिवार को जान से मार देगा। 12 सितंबर को भी आरोपी और उसके साथियों ने फरियादिया को रास्ते में रोका और दुर्व्यवहार किया। महिला ने आवेदन में लिखा है कि वह अब भयभीत है और न्याय की उम्मीद में थाने का दरवाजा खटखटा रही है। फरियादिया ने पुलिस से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कर सुरक्षा की मांग की है। इस मामले में पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता ने बताया कि लगातार धमकी मिलने से उसका परिवार दहशत में है और तत्काल न्यायिक कार्रवाई की आवश्यकता है।

# विश्वकर्मा जयंती: खदानों और वर्कशॉप में व्यापक तैयारियां

**सोहागपुर एरिया की सभी खदानों और वर्कशॉप में 17 सितंबर, मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।**

धनपुरी।

पूजा समितियों के अनुसार अमलाई ओसीएम, बंगवार, दामिनी, राजेंद्र, खैरहा भूमिगत माइंस सहित एरिया वर्कशॉप व रामपुर बटूरा ओसीएम में विश्वकर्मा पूजा विधि-विधान से संपन्न होगी।अमलाई उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह और खान प्रबंधक राजेश खंपरिया ने बताया कि माइंस परिसर की साफ-सफाई और औजारों की धुलाई कर पूजा की विशेष तैयारी की गई है। 17 सितंबर को सुबह 10 बजे भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजा उपरांत भंडारे का आयोजन होगा और प्रसाद वितरण किया जाएगा।बंगवार भूमिगत माइंस में खान प्रबंधक डीआर कुर्रे ने जानकारी दी कि हर वर्ष की





तरह इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा पारंपरिक तरीके से होगी। वहीं रीजनल वर्कशॉप में कई दिनों से तैयारी की जा रही है। यहां श्री श्री 1008 विश्वकर्मा पूजा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। अमलाई ओसीएम के उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी. रवन्ना और खान प्रबंधक अल्बर्ट ने बताया कि कर्मचारियों और श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पूजा में शामिल होने की अपील की गई है।इसी तरह खैरहा व राजेंद्र माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक बी. हरिबाबू, खान प्रबंधक मंसाराम मंडारी व वी. बालाकृष्णा ने बताया कि खदान परिसर को सजाया गया है और विश्वकर्मा पूजा पूरे विधि-विधान से होगी।पूजा समितियों ने बताया कि सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक, सभी उपक्षेत्रीय प्रबंधक, खान प्रबंधक और श्रमिक एकजुट होकर जयंती मनाएंगे। भगवान विश्वकर्मा जी की आराधना के बाद भंडारे का आयोजन और प्रसाद वितरण होगा।खदानों और वर्कशॉप परिसर में मैंनेजर डॉ एम ए एच सिद्दीकी श्रद्धा व उत्साह देखते ही बन रहा है। जगह-जगह रंगोली, तोरण और सजावट की गई है। परंपरागत ध्वनि में गूंजते भजन और उत्साह के साथ इस बार भी विश्वकर्मा जयंती आस्था का बड़ा पर्व साबित होगी।

## इंजीनियर दिवस विशेष

**एक ऐसा युवा जिन्होंने इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत समाजसेवा को चुना सालों से लगातार निस्वार्थ भाव से कर रहे समाज सेवा, जागरूकता की जगा रहे अलख**

**उमरिया।** सफलता तो हर शख्स प्राप्त करना चाहता है, पर निस्वार्थ समाज सेवा कुछ लोग ही करते हैं ऐसा ही कुछ उमरिया जिले विकासखंड पाली के निवासी युवा हिमांशु तिवारी जिनकी उम्र मात्र 26 साल है। 23 साल की उम्र में माइनिंग इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के उपरांत अपना पूरा ध्यान समाज सेवा की ओर केंद्रित कर दिया। हिमांशु तिवारी के द्वारा 9 सालों से लगातार निस्वार्थ भाव से समाज सेवा का कार्य किया जा रहा है।माइनिंग इंजीनियर की पढ़ाई करने वाले युवा हिमांशु तिवारी ने बताया कि लोगो की ऐसी परिस्थितियां देखकर उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने का फैसला किया। माइनिंग इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के उपरांत समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने की बात परिवार में हुई। प्रारंभ में परिवार के लोग तैयार नहीं थे। धीरे धीरे उनका साथ मिला और कारवां बढ़ता चला गया। वर्ष 2017 में युवा टीम का गठन हुआ। वर्तमान में युवा टीम के 14 विंग अलग अलग क्षेत्र काम कर रहे है। इसमें स्वास्थ्य सेवा मित्र, रक्त सेवा मित्र, दिव्यांग सेवा मित्र, स्वच्छता मित्र , मूक पशु सेवा मित्र, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंद आदिवासी बच्चों को निशुल्क शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य शिविर,खेल शिविर ,जल गंगा संवर्धन अभियान,एक पेड़ मां के नाम,नशा मुक्त भारत,स्कूल चले हम अभियान व अनेको जागरूकता अभियानों को जिले भर में आयोजित कर लोगों को जागरूक व शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।इनके कार्यों की जिले के वासियों ने सराहना की है।

# हिंदी दिवस पर संकल्पों के साथ माय भारत उमरिया ने आयोजित किए कार्यक्रम





उमरिया

हिंदी दिवस के उपलक्ष पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मेरा युवा भारत उमरिया कार्यालय के अंतर्गत जिला युवा अधिकारी आदित्य सिंह व लेखपाल मनीष सिंह चौहान के मार्गदर्शन पर जिले की मेरा युवा भारत वॉलिंटियर्स के द्वारा शासकीय कन्या छात्रावास नौरोजाबाद में हिंदी दिवस हिंदी निबंध कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से छात्रावास अधीक्षिका ज्योति सम्भर उपस्थित रही। हिंदी का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लेकर हिंदी के महत्व को अपने-अपने भाषा में बताने का प्रयास किया।छात्रावास अधीक्षिका ज्योति सम्भर ने कहा कि हिंदी का जितना प्रचार-प्रसार होगा उतना ही हमारे देश में ही नही, दुनिया में हिंदी का सम्मान बढ़ेगा। हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। हमारा मान, सम्मान अभियान हिंदी है। सुंदर, मीठी, सरल और सहज भाषा हिन्दी हैं। स्वतंत्रता की अलख जगाने वाली भाषा हिंदी है। हिन्दुस्तान की जीवन रेखा हिंदी है। माय भारत वॉलिंटियर हिमांशु तिवारी ने कहा कि इस विश्व हिन्दी के अंतर्गत हमारी राजभाषा हिंदी का मान सम्मान और अधिक बढ़े इसी को मद्देनजर रखते हुए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे हिन्दी प्रश्नोत्तरी, हिंदी निबंध, हिंदी टिप्पण लेखन, हिंदी श्रुतिलेख, हिंदी काव्य-पाठ, हिंदी पीसी टंकण, हिंदी आशु भाषण, मौखिक प्रश्नोत्तरी आदि आयोजित की जाएंगी।विश्व हिंदी दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना, हिंदी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिंदी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना और हिंदी की दशा के लिए जागरूकता पैदा करना है।इस दौरान माय भारत वॉलिंटियर हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, शिखा बर्मन, वैष्णवी बर्मन, सौरभ पांडेय, विद्यार्थी तराना बानो, काजल, ज्योति, रिया, प्रिया, अशी, फ़ज़्रिा, मोनिका, सुषमा एवं 50 छात्राएं उपस्थित रही।



# शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करें: कलेक्टर

शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विराट सभागार में समयावधि पत्रों एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पत्रों का जवाब निर्धारित समय-सीमा में दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें और निराकरण की जानकारी एल-1 अधिकारियों के माध्यम से दर्ज कराएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण हो, कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। लोक सेवा गारंटी अधिनियम की सेवाओं पर जोर देते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन विभागों में यह अधिनियम लागू है, वे समय-सीमा के भीतर नागरिकों को सेवा उपलब्ध कराएँ। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम अरविंद शाह, भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, अतिरिक्त सीईओ मुद्रिका सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध रेत उत्खनन पर पुलिस लगातार कर रही कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** क्षेत्र की नदी एवं नालों से रेत उत्खनन एवं परिवहन माफियाओं के द्वारा बेखौफ होकर किया जा रहा है। कोतमा पुलिस के द्वारा नगर के समीप जीवनदायिनी केवई नदी के पैरीचूआ घाट से चोरी कर परिवहन करते ट्रैक्टर को जप्त कर कार्यवाही की गई है। बताया जाता है कि नदी के घाट में बिना नंबर वाहन से अवैध रेत परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर मौके पर वाहन चालक एवं स्वामी नर्मदा प्रसाद केवट से परिवहन संबंधित दस्तावेज की मांग की गई जो नहीं पाया गया। वाहन को जप्त करते हुए आरोपी वाहन स्वामी एवं चालक नर्मदा प्रसाद केवट 26 वर्ष पिता केशव केवट निवासी पैरीचुआ के खिलाफ रेत चोरी एवं खान एवं खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया। ट्रैक्टर को जप्त कर थाने लाया गया जिसमें तीन घन मीटर रेट कीमत 4 हजार एवं ट्रैक्टर ट्राली कीमती 5 लाख को जप्त किया गया। कार्यवाही टीम में संजीव त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र पासी इस्तियाक खान सहित स्टाफ शामिल रहा। वाहन जप्ती से रेत चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि क्षेत्र के पैरीचुआ घाट, सारंगढ़, जमुडी, पंचखुरा घाट, इमली, घुम्मा, पोड़ी सहित कोठी, धनगांव, बेनीबहरा, जलसार, बैहाटोला, कटकोना के घाटों में माफियाओं द्वारा दिन-रात रेत चोरी का काला कारोबार किया जाता है। जिसमें संबंधित विभाग की उदासीनता साफ देखी जा रही है।

### इनका कहना है

अवैध रेत परिवहन की सूचना पर कार्यवाही की गई है। गस्त बढ़ाकर अभियान जारी रहेगा।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

# उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम संपन्न

उमरिया।



उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय एक्सीलेंस जनजातीय कन्या छात्रावास पाली में आउटरीच निरीक्षण किया गया जिसमें कुल किशोरी 108 एवं अधीक्षक अर्चना सिंह एवं परामर्श दाता उपस्थित रहे । कार्यक्रम में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं किशोरावास्था में हो रहे शारीरिक परिवर्तन लडक्ा लडक्ी में होने अलग अलग ओर दोनों में सामान्य परिवर्तन बताया गया। मानसिक भावनात्मक एवं सामाजिक परिवर्तनों को विस्तार से बताया गया इसके पश्चात आरकेएसके के मुख्य छः प्राथमिकताएं पोषण , यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य , असंचारीय बीमारियां , मादक पदार्थों का दुरूपयोग , मानसिक स्वास्थ्य , हिंसा ,चोट एवं हिंसा , लिंग आधारित हिंसा की जानकारी दी गई। यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर सत्र का आयोजन किया गया साथ ही 12 अक्टूबर तक जिले में संचालित सघन जागरूकता अभियान के तहत आरटीआई, एसटीआई एवं एचआईव्हील एडस की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं सभी प्रतिभागियों को जांच करने हेतु जागरूक किया गया । साथ ही सभी छात्राओं का वजन और लंबाई निकल कर बीएमआई निकला गया । उमंग किशोर स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं जस्ट अस्क चौट बोट, टेली मानस 14416 मन कक्ष की जानकारी दी गईपश्चात फीडबैक लेते हुए सत्र का समापन किया गया ।

# विश्वविद्यालय में मनाया गया हिंदी पखवाड़ा संगोष्ठी, व्याख्यान और विविध प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

**शहडोल।** पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दो चरणों में विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरू प्रो. रामशंकर ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और एकता की आत्मा है। यह विश्व में भारत की पहचान को स्थापित करती है। आज आवश्यकता है कि हम हिंदी को तकनीक और शोध के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाएं।

विशिष्ट अतिथि प्रो. आशीष तिवारी ने कहा कि हिंदी का अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य लगातार सशक्त हो रहा है। प्रवासी भारतीय समुदाय और डिजिटल माध्यमों ने हिंदी को विश्व पटल पर नई पहचान दी है। प्रो. महेंद्र किशोर भटनागर ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी साहित्य भारतीय ज्ञान परंपरा का संवाहक है।



इसके बिना हमारी सांस्कृतिक विरासत अधूरी है।

प्रो. विनोद शर्मा ने कहा कि हिंदी की दशा और दिशा तभी सशक्त होगी जब हम इसे अपने दैनिक जीवन और प्रशासनिक कार्यों में सहज रूप से अपनाएँ। विश्वविद्यालय परिसर प्राभारी प्रो. गीता सराफ ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ-साथ सामाजिक सरोकार और संवेदनशीलता की भाषा है। विद्यार्थियों को इसमें लेखन और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ानी चाहिए। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. गंगाधर ढोके ने बताया कि हिंदी पखवाड़ा विद्यार्थियों में भाषा के प्रति आत्मीयता जगाने और उन्हें साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा भारतीय दर्शन में समन्वय की परम्परा को भक्तिकालीन साहित्यिक धाराओं में देखा जा सकता है । विभागाध्यक्ष हिन्दी ने कहा वस्तुतः भक्ति कालीन साहित्य उपनिषदकाल में महान ऋषियों, मुनियों और नाथ सम्प्रदाय एवं सिद्धों की ध्यान और योग की पद्धतियां ही है जो सरलीकृत रूप में साधारण भारतीय जनमानस की चेतना के अनुरूप व्यक्त हुई है । जिसका असर सूफी साहित्य में ग़ालिब की रचनाओं में भी दृष्टिगत होता है ।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में हिन्दी का अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य विषय पर संगोष्ठी तथा राजभाषा हिन्दी की दशा एवं दिशा विषय पर व्याख्यान आयोजित किए गए। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा में हिन्दी साहित्य की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता, हिंदी के महत्व पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता, प्रश्नमंच प्रतियोगिता तथा प्रतिष्ठित कवियों की रचनाओं एवं स्वरचित रचनाओं पर आधारित काव्य-पाठ का कमशः आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के दूसरे कार्यक्रम में हिंदी वर्तनी प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा काव्य-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर हिंदी की समृद्ध परंपरा और सृजनात्मक शक्ति को उजागर करेंगे।

इस अवसर पर विभाग से आयुष, डॉ. लोकेश, मंजुला और वीरेंद्र ने भी अपने विचार रखे और हिंदी के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत मे डॉ संगीता धुर्वे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जैतपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा गालीबाज, निकला करोड़ों का साइबर ठग

शहडोल।




मामूली गाली-गलौज के केस में पकड़ा गया आरोपी निकला करोड़ों का साइबर ठग! जैतपुर पुलिस जब आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसका रिकॉर्ड खंगालने लगी तो चौंक गई। आरोपी कोई साधारण अपराधी नहीं बल्कि एक बड़ा ठगबाज है, जिसने सरकारी योजनाओं के नाम पर लोगों से लगभग दो करोड़ रुपये उड़ा दिए। थाना प्रभारी जैतपुर जिया उल हक ने बताया कि ग्राम भठिया निवासी अनुज शुक्ला को पुलिस ने सोशल मीडिया पर गाली-गलौज और आपत्तिजनक रील बनाने के आरोप में पकड़ा था। फरियादी सूर्य प्रकाश पांडे की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 296 बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, लेकिन जब पुलिस ने अनुज का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला तो उसकी असली करतूतें सामने आईं। आरोपी पर अनूपपुर, उमरिया और जबलपुर सहित कई जिलों में धोखाधड़ी के गंभीर मामले दर्ज हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि तीन दिन पहले ही जबलपुर जिले के थाना पाटन में अनुज के खिलाफ 55 लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज हुआ था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अनुज शुक्ला सरकारी अधिकारियों का नाम लेकर योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देता था और इसी बहाने भोले-भाले लोगों से करोड़ों रुपये वसूल चुका है। ठगी की कुल रकम करीब दो करोड़ रुपये आंकी जा रही है। जैतपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित जिलों को सूचना भेज दी है ताकि वहां दर्ज प्रकरणों में आगे की विवेचना की जा सके। थाना प्रभारी ने साफ कहा अनुज शुक्ला गाली-गलौज करने वाला साधारण आरोपी नहीं बल्कि संगठित ठग है। उसकी गिरफ्तारी से कई जिलों की पुलिस को राहत मिली है और अब उसके अपराधों की पूरी परतें खुलेंगी।

## दो गुटों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों में नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पर किया प्रहार

# किसानों के लिए कांग्रेस ने भरी हुंकार, भाजपा पर जमकर बरसे सिंघार



**जैतहरी व अनूपपुर मे आयोजित कार्यक्रमों मे नेताओं ने किया 'शक्ति प्रदर्शन'**

**उमड़ा जनसैलाब, जिले मे गूंजा 'वोट चोर- गद्दी छोड़'**






प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सोमवार को अनूपपुर पहुंचे। वे रविवार रात अमरकंटक पहुंचे थे, रात्रि विश्राम के बाद सोमवार की सुबह नर्मदा मंदिर में पूजा-अर्चना की जिसके बाद दोपहर पुष्पराजगढ़ विधानसभा के राजेन्द्रग्राम में कार्यकर्ता बैठक में हिस्सा लिये इसके बाद जैतहरी और फिर अनूपपुर मे आयोजित कार्यक्रमों मे हिस्सा लिये। इस दौरान दो फाड़ हो चुकी जिला कांग्रेस मे गुटबाजी फिर से हावी दिखी। एक ओर जहां जैतहरी मे वर्तमान जिलाध्यक्ष व पुष्पराजगढ़ विधायक ने कार्यक्रम की अगवानी की वही जिला मुख्यालय मे आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व जिलाध्यक्ष व कोतमा के पूर्व विधायक ने की।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर की ओर से आयोजित किसान न्याय यात्रा और वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम मे प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शिरकत की जहां एक गुट यानि वर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान व पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने कांग्रेस नेता का जोरदार स्वागत किया वही दूसरी ओर जिला मुख्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मे दूसरे गुट यानि पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश सिंह व पूर्व विधायक सुनील सराफ के गुट ने स्वागत कर कार्यक्रम आयोजित किया। दोनों गुटों ने पूरी ताकत से शक्ति प्रदर्शन कर नेता प्रतिपक्ष को अपने पक्ष मे करने की कोशिश की। इस दौरान प्रदेश भर में खाद-बीज संकट, बिजली कटौती, खराब सड़कों, बेरोजगारी और फसलों का उचित दाम न मिलने जैसी समस्याओं से जूझ रहे किसानों के लिए कांग्रेस ने अनूपपुर मे हुंकार भरी। किसानों की आवाज़ उठाने के साथ-साथ भाजपा सरकार के खिलाफ "वोट चोर गद्दी छोड़ो" के नारे गूंजे। हालांकि इस दौरान कांग्रेस दो धड़ों मे बटी नजर आई, किसानों का आक्रोश भी सामने आया।

### किसानों के लिए हम लड़ते रहेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के नेतृत्व में भाजपा की दमनकारी नीतियों के खिलाफ लड़ता रहेगा। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार वोट चोरी से बनी है। 2023 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से धांधली की और इसका सीधा उदाहरण महेश परमार हैं, जो इस षड्यंत्र का शिकार हुए। उन्होंने विस्तार से चुनावी गड़बड़ी और धांधली का उल्लेख किया। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा भी उपस्थित रहे।

### किसानों पर बरसाई जा रही लाठियां

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में खाद-बीज की मारामारी है और किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से गौमाता की सेवा और जनसेवा में संलग्न रहने का आह्वान किया। उन्होंने भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की बदहाली को आगामी विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का संकल्प जताया। उन्होने कहा कि देशभर में वोट चोरी की घटनाओं को कांग्रेस उजागर कर रही है और अब कार्यकर्ता इसे लगातार पकड़ते रहेंगे। उन्होंने किसानों को खाद, बीज और यूरिया समर्थन मूल्य पर उपलब्ध कराने की मांग उठाई। श्री शर्मा ने कहा कि यह जनता की सरकार नहीं बल्कि किसानों की जमीन छीनने वाली सरकार है। उन्होंने खाद की कालाबाजारी का मुद्दा भी उठाया।

### वोट चोरी से बनी सरकार

कांग्रेस इस आयोजन के जरिए अपने 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान को भी निर्णायक मोड़ दे रही है। पार्टी नेताओं ने मंच से खुलकर आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें "वोट चोरी" करके सत्ता में आई हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ इस चोरी को उजागर किया है, और अब पार्टी इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जा रही जिले के नेताओं ने कहा कि जिले की सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ता हर समय संघर्ष के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री के इशारे पर अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने उद्योग, सड़क निर्माण, किसानों के आंदोलनों को दबाने और उनकी गिरफ्तारी जैसी घटनाओं की कड़ी निंदा की।

### जिला कांग्रेस मे सर्जरी बाद भी गुटबाजी हावी

दशकों से गुटबाजी की मार झेल रही जिला कांग्रेस की स्थिति सुधारने प्रदेश नेतृत्व द्वारा कई बार भरसक प्रयास किया गया, लेकिन एक भी बार कामयाबी नही मिल सकी। जिले कांग्रेस के कद्दावर नेता बिसाहूलाल सिंह के भाजपा मे जाने के बाद तत्कालीन जिलाध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल पर कमल छाप कांग्रेसी होने के आरोप के बीच जिलाध्यक्ष विधायक फुंदेलाल सिंह को बनाते हुये आशा व्यक्त की गई कि पाताल लोक मे जा चुकी कांग्रेस को शायद नई ऊर्जा मिले, लेकिन यह दांव काम न आया जिसके बाद प्रशासनिक महकमे से राजनीति मे आये पूर्व अपर कलेक्टर रमेश सिंह को जिम्मेदारी सौंपकर कांग्रेस को जिंदा करने की कोशिश की गई, लेकिन यहां भी प्रदेश नेतृत्व को आशाजनक प्रगति नजर नही आई और अब एक बार फिर कुछ महीने पहले ही कांग्रेस से निष्कासित किये जा चुके कांग्रेस नेता गुड्डू चौहान को उनके प्रभाव के मद्देनजर जिला कांग्रेस की कमान सौंपी गई है, लेकिन आज भी स्थिति जस की तस है। बल्कि गुटबाजी अब और ज्यादा चरम पर पहुंच चुकी है। एक गुट मे जहां वर्तमान जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान व विधायक फुंदेलाल सिंह व उनकी टीम है तो दूसरे गुट मे पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश सिंह तथा पूर्व विधायक सुनील सराफ व उनके लोग हैं जिनकी गुटबाजी समय समय पर लोगों के बीच चर्चा का विषय जरूर बनती है। देखना होगा कि अंतरकलह से जूझ रही कांग्रेस आमजनों के बीच कांग्रेस के मुद्दे व उसके उद्देश्य को पहुंचा पाती है या चार कांग्रेसियों तक ही सीमित रह जायेगी।

# राम वन गमन पथ पर जनजागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

संभाग में समाजसेवी जे.पी. साहू राम वन गमन पथ के संरक्षण और विकास को लेकर निरंतर सक्रिय हैं वे इस पवित्र धरोहर को नई पहचान दिलाने के लिए जनजागरण अभियान चला रहे हैं। श्री साहू का कहना है कि भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में 11.5 वर्ष बिताने के बाद जब शिवरी नारायण की ओर प्रस्थान किया, तो उनका मार्ग दंडकारण्य वन क्षेत्र (शहडोल संभाग) से होकर गुजरा इस दौरान उन्होंने लगभग छह महीने से एक वर्ष तक प्रवास किया और कई स्थानों पर शिवलिंग स्थापित किए। उन्होंने बताया कि राम जी के पड़ाव स्थलों में मैहर का शारदा मंदिर, जबलपुर का गौरी घाट (नर्मदा तट), शहपुरा तहसील और विशेष रूप से बांधवगढ़ (उमरिया जिला) शामिल हैं बांधवगढ़ में राम जी ने लक्ष्मण को एक किला उपहार में दिया था और आज भी यहां उनकी लेटी हुई मूर्ति स्थापित है। इसी तरह सोन और जुहिला नदी के संगम स्थल दशरथ घाट पर उन्होंने अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की थी। साहू ने सरकार से मांग की है कि राम वन गमन पथ को व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि उन सभी स्थलों तक सड़क मार्ग बनाया जाए, जहाँ भगवान श्रीराम ठहरे थे साथ ही हर स्थल पर साइनबोर्ड और सूचना पट्ट लगाए जाएं, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए जाएं। ताकि श्रद्धालु और पर्यटक आसानी से राम के पड़ाव स्थलों तक पहुंच सकें। लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी खुद उठाते हुए साहू ने रामनवमी पर 11 दिन की सनातन यात्रा निकाली इस यात्रा में राम वन गमन पथ से जुड़े शहरों और गांवों को जोड़ा गया उनका कहना है कि इस पहल से न केवल जनता में जागरूकता आई बल्कि सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और बजट आवंटन की प्रक्रिया शुरू की। उदाहरण देते हुए साहू ने कहा कि शहडोल जिले के दशरथ घाट, जो गांधिया गांव (अमझोर-जयसिंहनगर क्षेत्र के पास) स्थित है, का महत्व बहुत बड़ा है यहां भगवान श्रीराम 11 दिन रुके थे और सात शिवलिंग स्थापित किए थे इस स्थान पर एक विशाल तालाब भी है इसके विकास के लिए हाल ही में 50 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। जिसके अंतर्गत भवन, शौचालय और 16 लाइटों की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक इस पथ के विकास पर लगभग 24 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है उनका मानना है कि यदि आने वाले कुछ वर्षों में और 5 करोड़ रुपये का निवेश किया जाए तो इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। साहू ने कहाकृ"राम वन गमन पथ केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है इसके संरक्षण और विकास से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र में रोजगार और पर्यटन की असीम संभावनाएं भी खुलेंगी।

## ओवर ब्रिज पर हुई 'श्रेय संग्राम' की शुरूआत

# रेलवे ओव्हर ब्रिज को जल्द पूर्ण कराने एकजुट हो रहा नगर

**रेलवे ने लिखित में कहा- 26 मार्च 2026 तक पूर्ण होने की संभावना, उसके बाद सेतु निगम का काम**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



नेतृत्व की नाकामी के चलते अनूपपुर को दो हिस्सों में बांटने वाला रेलवे फाटक पर बनने वाले रोड ओवर ब्रिज को लगभग 7 वर्षों में कई बार भूमि पूजन कर कार्य शुभारंभ किया गया। मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक ने इसका भूमि पूजन किया, लेकिन सच यह है कि टेंडर लेने वाले ने जिस समय टेंडर लिया था उस समय जिस नक्शे के आधार पर टेंडर हुआ था वह कई बार बदला गया। परिणाम यह हुआ कि ठेकेदार द्वारा काम की गति को बढ़ाया नहीं गया और धीरे-धीरे सामग्री महंगी होती गई और ठेकेदार सुस्त पड़ गया। रोड ओवर ब्रिज को लेकर कई बार नेता गिरी हुई। आंदोलन हुए, लिखा पढ़ी खाना पूर्ति कर आंदोलन समाप्त करवा दिए गए और वही सुस्त गति में रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य धीरे-धीरे 9 दिन चले अढाई कोस की भांति चल रहा है। कई बार कलेक्टर ने निरीक्षण किया,मंत्री ने निरीक्षण किया लेकिन काम में गति नहीं आई। जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी एडवोकेट ने बिलासपुर रेलवे महाप्रबंधक एवं बिलासपुर रेलवे डीआरएम को पत्र दिया। जिसके जवाब में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इंजीनियर डिपार्टमेंट ने लिखित पत्र द्वारा जवाब दिया है कि निर्माणाधीन बी.के.-61 रोड ओव्हरब्रिज का निर्माण कार्य बिलासपुर मण्डल द्वारा रेल्वे के गुणवतानुसार किया जा रहा है, जिसके पूर्ण होने की संभावना मार्च 2026 रखी गयी है। रेलवे के पत्र के आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि रेलवे के कार्य के बाद कम से कम 6 माह का समय सेतु निगम को कार्य फाइनल करने के लिए चाहिए। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि रेलवे ओवरब्रिज का शुभारंभ 15 अगस्त 2026 को ही होगा। उसके पूर्व किसी तरह की संभावना नजर नहीं आ रही।

### रेलवे ने लिखित मे दिया जवाब

22 वर्ष पूर्व 15 अगस्त 2003 को शहडोल ज़िले के पुनर्गठन से अनूपपुर जिला अस्तित्व में आया था। यह जिला पहले शहडोल जिले का हिस्सा था, जिसे बाद में अलग करके अनूपपुर जिले का गठन किया गया। अब यह स्पष्ट दिख रहा है कि अनूपपुर जिले वासियों को 15 अगस्त 2026 को रेलवे ओवर ब्रिज की सौगात मिलेगी। इसके पूर्व किसी भी तरह के आंदोलन का कोई औचित्य भी नजर नहीं आ रहा। क्योंकि सेतु निगम पहले ही कह चुका है की रेलवे के काम के बाद 6 माह का समय उसे चाहिए। तो कुल मिलाकर एक बार और इंतजार अनूपपुर के नागरिकों को करना पड़ेगा। जब लगभग 7 वर्ष का समय व्यतीत हो गया तो अब 1 वर्ष का समय और व्यतीत करना पड़ेगा। उसके बाद ही सुविधा का लाभ जिला मुख्यालय के लोग उठा पाएंगे। अनूपपुर में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के पश्चात कई ब्रिज बन गए और उसके बाद चालू हुए कुछ रेलवे ओवर ब्रिज का काम तेजी के साथ चालू है, लेकिन अनूपपुर का दुर्भाग्य है कि सही नेतृत्व की कमी के कारण आज अनूपपुर शहर का बाजार पूरी तरह से समाप्त हो चुका है लोगों को 5 किलोमीटर का राउंड करने के बाद जिला चिकित्सालय कोर्ट तहसील एसडीएम न्यायालय स्कूल कॉलेज अन्य स्थान पर आना जाना पड़ रहा है। कोई लोगों की परेशानी को देखने वाला नजर नहीं आ रहा। इस समय देखा जा रहा है कि रेलवे ओवर ब्रिज को लेकर तमाम तरह के नेता तैयार हो गए हैं, लेकिन सब अपने नेतागिरी चमकाने के लिए माहौल को गर्म कर रहे हैं। जबकि यह सभी को पता है कि वर्ष भर अभी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसा कोई जादू नहीं है कि माहौल बनाने से ब्रिज का निर्माण तत्काल हो जाएगा। जब रेलवे ने लिखित में दे दिया है कि 26 मार्च 2026 तक संभावना है कि रेलवे का काम पूरा हो जाएगा उसके बाद ही सेतु निगम अपना काम करेगा।

### ओवरब्रिज पर 'श्रेय संग्राम' शुरू

शहर का बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज पिछले 9 वर्षों से अधूरा पड़ा रहा, जबकि प्रदेश में लगातार 20 सालों से भाजपा की सरकार है। जनता धूल, जाम और असुविधा झेलती रही, लेकिन काम की रफ़्तार कछुए जैसी रही। अब जब पुल मात्र 5 से 7 महीनों में पूरा होने जा रहा है, तो राजनीतिक गलियारों में श्रेय लेने की होड़ मच गई है। वार्ड क्रमांक 4 के कांग्रेस पार्षद दीपक शुक्ला ने कहा कि "पुल बनाने में 9 साल लगा दिए और अब जब जनता की उम्मीद पूरी होने वाली है, तो श्रेय लेने के लिए होड़ मचाई जा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा "जब जनता सालों तक जाम और परेशानियों से जूझ रही थी तब सरकार और नेता खामोश बैठे थे। अब जबकि पुल लगभग तैयारी की ओर है जिसका पूरा श्रेय ओवरब्रिज संघर्ष समिति के हर एक कार्यकर्ता को जाता जिन्होंने जनहित के मुद्दों को उठाकर पूरा शहर बाजार बंद करवाया इसके बाद इसी बैनर तले थाना तिराहे में अनसन हुआ यह पुल जनता का है। किसी दल या नेता का नही चाहे वह कांग्रेस हो या भाजपा स्थानीय नागरिक भी मानते हैं कि सरकार की लापरवाही से शहर का विकास वर्षों तक रुका रहा। कांग्रेस पार्षद के बयान के बाद यह मुद्दा और गरमा गया है। ओवरब्रिज के पूरा होने से शहरवासियों को ट्रैफ़कि जाम और घंटों की मशक्कत से राहत मिलेगी, लेकिन उससे पहले राजनीति का यह "श्रेय संग्राम" चर्चा का सबसे बड़ा पुल बन चुका है।

# अभिभाषक संघ कोतमा के चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** अभिभाषक संघ कोतमा में अध्यक्ष सहित 6 पदों के लिए 20 दावेदारों के बीच मतदान आज मंगलवार को किया जाएगा। मतदान को लेकर सारी तैयारियों पूरी की जा चुकी है। निर्वाचन अधिकारी उपेंद्र सिंह एवं राम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय प्रभारी पद के लिए कुल 20 अधिवक्ता दावेदार मैदान में है। जिनमें अध्यक्ष पद का मुकाबला राजेश सोनी, राकेश शर्मा, राम लखन विश्वकर्मा एवं अमरेंद्र सिंह के बीच होना है। उपाध्यक्ष पद पर इकबाल अहमद, अमृतलाल केवट एवं अनुज सोनी के बीच त्रिकोणी मुकाबला देखा जा रहा है। सचिव पद में जसवीर सिंह, मोहम्मद यूनुस, सुषमा कैथल, पंकज मिश्रा लड़ रहे हैं, सह सचिव पद के लिए छोटेलाल रैदास, शिवम सिंह एवं केदार प्रसाद गौतम, कोषाध्यक्ष पद के लिए दुर्गेश मिश्रा, कमलेश कुमार यादव एवं चंद्रकांत सिंह के बीच टक्कर है एवं पुस्तकालय प्रभारी अन्नू विश्वकर्मा एवं मनोज कुमार बारी में सीधा मुकाबला है। बताया जा रहा है कि कोतमा अभिभाषक संघ में 372 अधिवक्ता मतदाताओं के द्वारा 12 बजे से 5 तक मतदान किया जाएगा। परिणाम भी देर शाम तक निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा घोषित कर दिया जाएगा। चुनाव को लेकर सोमवार को न्यायालय परिसर में दिनभर हलचल देखी गई।वोट के दावेदारों के द्वार मतदाताओं के बीच समर्थन मांगते नजर आए।विदित रहे कि कोतमा अभिभाषक संघ में पिछले एक दशक से ज्यादा समय से राजेश सोनी के द्वारा अध्यक्ष पद पर 3 बार जीत का परचम लहराते हुए कब्जा है। जिनका इस बार मुकाबला राकेश शर्मा सहित दो अन्य दावेदार से भी है।



# संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा जिउतिया का निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत संतान की सुख-समृद्धि व लंबी आयु की कामना के साथ माताओं ने रविवार को जिउतिया का निर्जला व्रत रखा। माताओं ने ब्रह्म मुहूर्त से पूर्व सरगही करने के बाद से व्रत शुरू किया। सुबह में स्नान-ध्यान के बाद माताओं ने अपने आराध्य देव की पूजा-अर्चना कर जिउतिया व्रत का संकल्प लिया। दिनभर निर्जला व्रत किया। शाम को व्रतियों ने सामूहिक रूप से जिउतिया की कथा सुनी. शहर के राजनगर, डोला ,पौराधार, बरतराई कालोनी के साथ-साथ गली-मोहल्लों के मंदिरों में महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। सोमवार की सुबह सूर्योदय के बाद जिउतिया का पारण होगा। राजनगर के जोड़ा तालाब के पास प्राचीन शिव मंदिर में महिलाएं इकट्ठी हुई, सभी महिलाओं ने बैठकर वहां पर पूजा की। लोकगीत गाये। इस जिऊतियां पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की महिलाओं ने इस पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। नगर की महिलाओं में प्रमुख रूप से शीला देवी, पुष्पा देवी, रीता देवी, सीता देवी, कंचन विश्वकर्मा, पूनम शर्मा, पंजीरा देवी, रीना शर्मा, मंजू देवी, सोना देवी ने धूमधाम के साथ प्राचीन शिव मंदिर राजनगर में पूजा कर मनाया। निर्जला व्रत के बाद पूजा अर्चना कर माताएं जिउतिया धारण करती हैं। व्रत खत्म होने के उपरांत पारण के बाद माताएं अपनी संतान को जिउतिया धारण करायेंगी और अपने आराध्य देव से संतान की दीर्घायु की कामना करेंगी।

# विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़ियारास, आंगनबाड़ी केन्द्र मेड़ियारास, शासकीय पूर्व मा0वि0 सकोला (खोली), आंगनबाड़ी केन्द्र सकोला (खोली), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलाई, आंगनबाड़ी केन्द्र अमलाई, शासकीय माध्यमिक विद्यालय अमलाई में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा ने आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाऐं योजना के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नालसा आशा यूनिट (अवेयरनेस, सपोर्ट, हेल्प एंड एक्शन) मानक संचालन प्रक्रिया के बारे में बताया कि मानक संचालन प्रक्रिया बाल विवाह की समस्या से निपटने के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार करने का लक्ष्य है, जो बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों की रक्षा और समुदायों के भीतर जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने नशामुक्त भारत के लिए नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन योजना के संबंध में बताया कि इस योजना के तहत नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अनैतिक तस्करी के खिलाफ जिले के समस्त सार्वजनिक स्थानों पर नशीली दवाओं की लत छुड़ाने और पुनर्वास के संबंध में यह अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, यातायात नियम एवं नालसा टोल फ्री 15100 नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविरों में विद्यालयों के प्राचार्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, पैरालीगल वालेंटियर तथा विद्यालयों के विद्यार्थी एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चे उपस्थित रहे।

# गूजर नाला रोड पर फिर हादसा

**स्कूली बच्चों समेत राहगीरों की जान पर खतरा**



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जिले का आमडांड गूजर नाला रोड, जो अनूपपुर वेंकट नगर को मरवाही पेंड्रा से जोड़ता है, प्रशासन की लापरवाही का उदाहरण बन चुका है। अधूरे पुल और खराब सड़क के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। सोमवार की सुबह 7 बजे कोतमा निवासी चांदनी सिंह (25 वर्ष) कोतमा से गौरेल जाते समय दुर्घटना का शिकार हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, इस स्थान पर पहले भी कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

### दो साल से अधूरा काम

करीब 4.30 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य दो वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। मात्र 2 किलोमीटर सड़क बनाई गई और जहां पुल लगना था, वहां खाली छोड़ दी गई। शेष 2 किलोमीटर सड़क अब तक अधूरी है। जो हिस्सा बना है, वह भी अब खराब होकर चलने योग्य नहीं बचा है। इस मार्ग से रोजाना स्कूली विद्यार्थी पैदल और साइकिल से स्कूल आते-जाते हैं। पुल न होने के कारण उन्हें नाले को पार करना पड़ता है। बरसात के दिनों में जब पानी का बहाव तेज होता है, तब बच्चों को स्कूल भेजना अभिभावकों के लिए किसी डर से कम नहीं होता। ग्रामीणों का कहना है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### ग्रामीणों ने उठाई आवाज

ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों और कलेक्टर को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक न तो पुल का निर्माण हुआ और न सड़क पूरी की गई। ग्रामीणों का आरोप है दो साल से हम सिर्फ आश्वासन सुन रहे हैं, लेकिन काम आज तक पूरा नहीं हुआ। हर दिन जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरना पड़ता है। "सबसे ज्यादा खतरा मासूम बच्चों और दुपहिया चालकों को है। ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से तत्काल अधूरा पुल और सड़क का निर्माण पूर्ण कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर शीघ्र कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।